# आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का उपक्रम)

प्रथम तल उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।

Email md@idabihar.com Web-www.idabihar.com Phone/ 0612-2675933,2675935 Fax: 0612-2675934

पत्रांक........ 08/208/TECH/IDA/22 दिनांक .........

प्रेषक,

**कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0)**
आई0डी0ए0

**Registered Post & E-Mail**

सेवा में,

**Sri Balajee Enterprises**
Plot No- 1719, Narayan Niwas
Near Block Office Barahara, Semariya
Ara, Dist- Bhojpur, Bihar-802311
*Email- info@sribalajee.in*

&

**Sri Balajee Enterprises**
14, Narayan Niwas, Road No-02
Friends Colony, Ashiana Nagar
Ashiana Digha Road Patna Bihar-800025
*Email- info@sribalajee.in*

विषयः **Construction of Plug and Play Pre Engineered Multistoried Building at Sikandarpur Phase-V Bihta, Patna के कार्य के एकरारनामा Rescind करने के संबंध में।**

प्रसंगः प्राधिकार का पत्रांक 1358/PDA दिनांक 20.02.2023, 2102/PDA दिनांक 01.04.2023, निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन), अधोहस्ताक्षरी, रूपांकण परामर्शी एवं आपके साथ हुई बैठक की कार्यवाही दिनांक 14.04.232338/PDA दिनांक 19.04.2023, 2610/PDA दिनांक 04.05.2023, 2924/PDA दिनांक 23.05.2023, 3035/PDA दिनांक 30.05.2023, 3665/PDA दिनांक 21.06.2023, 3845/PDA दिनांक 03.07.2023, 4094/PDA दिनांक 19.07.2023, 4190/PDA दिनांक 31.07.2023, 4291/PDA दिनांक 04.08.2023, दिनांक 28.08.2023 का अधोहस्ताक्षरी का भ्रमण प्रतिवेदन, 4704/PDA दिनांक 26.08.2023, 4744/PDA दिनांक 30.08.2023, 4870/PDA दिनांक 06.09.2023 एवं अधोहस्ताक्षरी का निरीक्षण प्रतिवेदन दिनांक 11.09.2023 तथा आपका पत्रांक SBE371 दिनांक 18.03.023, SBE384 दिनांक 14.04.2023, SBE390 दिनांक 21.04.023, SBE429 दिनांक 08.08.2023 एवं SBE438 दिनांक 01.09.2023.

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों का संदर्भ करें। आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना द्वारा निर्गत NIT सं0–70/TEN/IDA/22, Sl. No.-03 के आलोक में Construction of Plug and Play Pre Engineered Multistoried Building at Sikandarpur Phase-V Bihta, Patna के निर्माण हेतु आपको (Sri Balajee Enterprises Plot No- 1719, Narayan Niwas Near Block Office Barahara Semariya Ara, Dist- Bhojpur, Bihar-802311) कार्य आवंटित किया गया था। जिसके लिए दिनांक 25.01.2023 को एकरारनामा सं0–73/SBD/2022-23 हस्ताक्षरित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 17.12.2023 तथा कार्य समाप्ति की तिथि 16.06.2023 था। निर्माण कार्य की कुल समयावधि 6 माह तथा इस परियोजना की एकरारित राशि रू0 13,33,64,126.58 मात्र था। उक्त परियोजना को पूर्ण करने के लिए निम्नांकित कार्रवाई की गई :–

1. प्राधिकार के पत्रांक 1358/PDA दिनांक 20.02.2023 के द्वारा कार्य में यथेष्ट प्रगति नहीं होने के कारण रूपये 5 लाख का आर्थिक दण्ड अध्यारोपित किया गया। साथ ही कार्य के प्रति सचेत होकर

एवं जागृत होकर परियोजना में गति लाकर प्रगति की क्षतिपूर्ति करते हुए लक्षित समय तक परियोजना पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया।

2. प्राधिकार के पत्रांक 2102/PDA दिनांक 01.04.2023 के द्वारा आवटित कार्य को एकरारित समयसीमा के अंतर्गत पूर्ण करने हेतु Weekly Work Program एवं Fabricated Steel Arrival at Site Detail एवं तदोपरांत erection की तिथि, साथ ही संभावित कार्य समाप्ति की तिथि का प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

3. प्राधिकार के पत्रांक 2338/PDA दिनांक 19.04.2023 के द्वारा कार्य के रूपांकण परामर्शी द्वारा दिये गये परामर्श की प्रगति संलग्न करते हुए परामर्श के आलोक में कार्य सुचारू रूप से, गुणवत्ता के साथ ससमय संपन्न करने हेतु निदेशित किया गया।

4. प्राधिकार के पत्रांक 2610/PDA दिनांक 04.05.2023 के द्वारा कार्य धीमी गति से संपादित किये जाने के कारण SBD के Schedule F के Clause 5 के अनुसार Milestone को Achieve नहीं करने के कारण 5 लाख मात्र का आर्थिक दण्ड लगाया गया।.

5. प्राधिकार के पत्रांक 2924/PDA दिनांक 23.05.2023 के द्वारा विषयांकित कार्य से संबंधित Shop Floor Drawings को रूपांकण परामर्शी से अनुमोदित कराते हुए आपको उपलब्ध कराया गया। साथ ही Shop Floor Drawings के Specification के अनुसार निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया।

6. प्राधिकार के पत्रांक 3035/PDA दिनांक 30.05.2023 के द्वारा कार्य धीमी गति से संपादित किये जाने के कारण SBD के Schedule F के Clause 5 के अनुसार Milestone को Achieve नहीं करने के कारण एकरारित राशि का 1% अर्थात Rs. 13.33 लाख मात्र का आर्थिक दण्ड लगाया गया।

7. प्राधिकार के पत्रांक 3665/PDA दिनांक 21.06.2023 के द्वारा 30 जून 2023 का Milestone निर्धारण कर कार्य संपादन का निदेश दिया गया। साथ ही परियोजना को यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु प्रत्येक सप्ताह का विस्तृत Work Plan उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

8. प्राधिकार के पत्रांक 3845/PDA दिनांक 03.07.2023 के द्वारा निर्धारित अवधि के अंदर दिये गये Milestone को Achieve नहीं करने के कारण 5 लाख मात्र का आर्थिक दण्ड लगाया गया। साथ ही परियोजना के सभी प्रभागों में कार्यबल को बढ़ाते हुए कार्य शीघ्रातीशीघ्र संपन्न कराने हेतु निदेशित किया गया।

9. प्राधिकार के पत्रांक 4190/PDA दिनांक 31.07.2023 के द्वारा कार्य के रूपांकण परमर्शी, मेसर्स आर्की प्लस द्वारा प्रतिवेदित किये गये परियोजना से संबंधित सुझाव के अनुरूप कार्य कराने हेतु निदेशित किया गया।

10. प्राधिकार के पत्रांक 4291/PDA दिनांक 04.08.2023 के द्वारा आपसे स्पष्टीकरण पूछा गया कि क्यों नहीं एकरारनामा के शर्त्तों के अधीन विषयांकित कार्य को पूरा नहीं करने एवं निर्माण कार्य की धीमी प्रगति के कारण आपके निबंधन को Debar किया जाय ?

11. दिनांक 25.08.2023 को अधोहस्ताक्षरी के द्वारा कार्यस्थल का भ्रमण किया गया एवं कार्यालय ज्ञापांक 4714/PDA दिनांक 28.08.2023 के माध्यम से आपको प्रेषित किया गया, जिसमें भवन के शेष Columns एवं Beams इत्यादि आवश्यक सामग्रियों का अविलम्ब व्यवस्था करते हुए भवन के Approved Drawing के अनुसार Structural Steel Erection का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए 15 सितम्बर तक कार्य पूर्ण किये जाने के संबंध में निदेशित किया गया।

12. प्राधिकार के पत्रांक 4704/PDA दिनांक 26.08.2023 के द्वारा आपसे स्पष्टीकरण (सात दिनों के अंदर) पूछा गया कि एकरारनामा के शर्त्तों के अंतर्गत परियोजना कार्य को ससमय पूर्ण नहीं करने तथा एवं निर्माण कार्य के अत्यधिक धीमी प्रगति के कारण क्यों नहीं एकारारनामा को Rescind एवं राशि को जब्त कर लिया जाय ?

13. प्राधिकार के पत्रांक 4744/PDA दिनांक 30.08.2023 के द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने, कार्य में शिथिलता बरतने तथा विभिन्न समीक्षात्मक बैठकों में वरीय पदाधिकारियों के द्वारा दिये गये निदेशों की अवहेलना करने के कारण एकरारनामा के SBD Schedule F के Clause 2 के अनुसार एकरारित राशि का 1% अर्थात Rs. 13.33 लाख मात्र का आर्थिक दण्ड लगाया गया।

14. प्राधिकार के पत्रांक 4870/PDA दिनांक 06.09.2023 के माध्यम से आपके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए आपसे स्पष्टीकरण (तीन दिनों के अंदर) पूछा गया कि अनेकों निदेशों के बावजूद कार्य में धीमी प्रगति एवं निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण एकरारनामा के SBD Clause 3 के अनुसार एकरारनामा विखंडित (Rescind) एवं राशि (Perfomance Guarantee एवं Security Deposit) जब्त करने की कार्रवाई क्यों नहीं की जाय ?

15. दिनांक 30.08.2023, 05.09.2023 एवं 08.09.2023 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यस्थल का भ्रमण किया गया एवं कार्यालय ज्ञापांक 4989/PDA दिनांक 11.09.2023 के माध्यम से आपको प्रेषित किया गया, जिसमें भवन के शेष Columns एवं Beams इत्यादि आवश्यक सामग्रियों का अविलम्ब व्यवस्था करते हुए भवन के Approved Drawing के अनुसार Structural Steel Erection का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य युद्धस्तर पर संपादित कर अतिशीघ्र पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया।

विदित हो कि आपके द्वारा पत्रांक SBE/390 दिनांक 21.04.2023 Work Program समर्पित करते हुए आश्वासन दिया गया है कि वर्णित परियोजना को पूर्ण रूप से अधिकतम दिनांक 15.09.2023 तक पूर्ण कर लिया जाएगा, किन्तु कार्य अभी 50% भी पूर्ण नहीं किया गया है, जो अत्यंत ही खेदजनक है।

इस संबंध में प्राधिकार के पत्रांक 4704/PDA दिनांक 26.08.2023 से पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में आपके द्वारा पत्रांक SBE438 दिनांक 01.09.2023 के माध्यम से आई0डी0ए0 को स्पष्टीकरण दिया गया। उक्त स्पष्टीकरण की कंडिकावार समीक्षा की गई, जो निम्नवत् है :–

1. आपके स्पष्टीकरण की कंडिका 1 से स्पष्ट होता है कि आपके द्वारा दिनांक 20.12.2022 को कार्य शुरू किया गया क्योंकि आपको दिनांक 20.12.2022 को Civil Drawing एवं Structural Steel का Fabrication Drawing उपलब्ध कराया गया था। ज्ञातव्य हो कि इस कार्य की समाप्ति दिनांक 16.06.2023 निर्धारित है।
2. स्पष्टीकरण की कंडिका 2 के संबंध में कथन है कि उपरोक्त कार्य हेतु किये गये एकरारनामा की कंडिकाओं के तहत आपके द्वारा Milestone प्राप्त नहीं करने के कारण आप पर आर्थिक दण्ड लगाया गया, जो पूर्णतः उचित है और इस संबंध में आपका स्पष्टीकरण अमान्य है।
3. स्पष्टीकरण की कंडिका 3 के अवलोकनोपरांत प्रतीत होता है कि कार्य अपूर्णता का कारण आपके द्वारा बरसात को बताया गया है, जो अमान्य है। क्योंकि कार्य पूर्ण करने की अवधि में इस तरह की परिस्थितियाँ भी शामिल रहती हैं। अतएव समीक्षोपरांत इसे अमान्य किया जाता है।
4. स्पष्टीकरण की कंडिका 4 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्राधिकार में समर्पित आपके पत्रांक SBE371 दिनांक 18.03.2023 के द्वारा प्राधिकार को सूचित किया गया है कि Plinth Level तक Civil कार्य को पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष Civil Drawing एवं Steel Structural का Drawing दिनांक 16.03.2023 को प्राप्त कर लिया गया है। साथ ही आपको दिनांक 20.12.2022 को Civil Drawing एवं Structural Steel का Fabrication Drawing उपलब्ध कराया गया था। यहाँ कथन है कि आपके द्वारा कार्य हेतु त्रुटिपूर्ण Shop Drawing प्राधिकार को उपलब्ध कराया गया। इसे त्रुटिपूर्ण बताते हुए रूपांकण परामर्शी द्वारा संशोधन हेतु आपको वापस किया गया। त्रुटि के कारण, जिसमें thickness of plate का अंकित नहीं रहना था। आपके इस कमी को मान्य करते हुए आपके द्वारा इसे सुधार कर समर्पित किये जाने के संबंध में सहमति दी गई है। तदोपरांत पत्रांक 2338/PDA दिनांक 19.04.2023 के द्वारा आपको रूपांकण परामर्शी से प्राप्त परामर्श के आलोक में कार्य करने हेतु निदेशित किया गया। पुनः आपसे प्राप्त संशोधित Shop Drawing को रूपांकण परामर्शी से अनुमोदित कराते हुए आपको दिनांक 23.05.2023 को उपलब्ध करा दिया गया। अतः अनुमोदन में विलम्ब का कारण आपके द्वारा त्रुटिपूर्ण Shop Drawing प्राधिकार को उपलब्ध कराया जाना है। अतएव कंडिका–4 में आपका स्पष्टीकरण अमान्य किया जाता है।

5. स्पष्टीकरण की कंडिका 5 में कार्य की गति कम होने का कारण बरसात को होना बताया गया है, जो मान्य नहीं है। इसलिए कि एकरारनामा में स्पष्टतः कार्य प्रारंभ की तिथि एवं कार्य समाप्ति की तिथि निर्धारित है।

6. स्पष्टीकरण की कंडिका 6 में बरसात के कारण कार्य की प्रगति धीमी होना बताया गया है, जो मान्य नहीं है। जबकि प्राधिकार के विभिन्न पत्रों द्वारा आपको बरसात के मौसम से पहले कार्य में प्रगति लाने हेतु निदेशित किया गया, जिसकी अवहेलना आपके द्वारा की गई। विदित हो कि आपके अतिरिक्त कार्यस्थल पर अन्य संवेदकों द्वारा अन्य परियोजनाओं का कार्य कराया जा रहा है। लेकिन उन्हें कार्य करने में कोई समस्या नहीं हो रही है। अतः इस संबंध में आपका स्पष्टीकरण अस्वीकार्य है।

7. स्पष्टीकरण की कंडिका 7 में आपके द्वारा Clause 5 के विषय में कहा गया है कि जब कि कार्य में विलम्ब का कारण आपके द्वारा ससमय Shop Drawing प्राधिकार को उपलब्ध नहीं कराया जाना है। इस विषय के बारे में कंडिका 4 में स्थिति स्पष्ट की गई है। अतः इस बिन्दु को लेकर संबंध में आपका स्पष्टीकरण अस्वीकार्य है।

8. स्पष्टीकरण की कंडिका 8 के संबंध में समीक्षोपरांत पाया गया कि आपके द्वारा कराए गए कार्य का भुगतान अद्यतन है। अतः इस संबंध में आपका स्पष्टीकरण अस्वीकार्य है।

उपरोक्त के बावजूद भी आपको पत्रांक **4870/PDA** दिनांक 06.09.2023 के द्वारा तीन दिनों का समय पुनः स्पष्टीकरण हेतु दिया गया। परन्तु आपके द्वारा कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है, जिससे प्रतीत होता है कि आपको सरकारी कार्य को पूर्ण करने में रूचि नहीं दर्शाया जा रहा है।

अतः उपरोक्त तथ्यों एवं वस्तुस्थिति के आलोक में **एकरारनामा सं0 73/SBD/2022-23 को SBD के Clause-3 के अनुसार Rescind एवं राशि (Performance Guarantee एवं Security Deposit) को जब्त किया जाता है।**

विश्वासभाजन

ह0/–

कार्यपपालक अभियंता (पी0डी0ए0)

ज्ञापांक ........ 08/208/TECH/IDA/22 दिनांकः–

प्रतिलिपिः– सहायक अभियंता (तकनीकी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

कार्यपपालक अभियंता (पी0डी0ए0)

ज्ञापांकः–5056/RDA 08/208/TECH/IDA/22 दिनांकः– 12/09/23
प्रतिलिपिः– कम्पयूटर प्रोग्रामर एवं सूचना जन–संपर्क पदाधिकारी, आई0डी0ए0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12.09.2023
कार्यपपालक अभियंता (पी0डी0ए0)